PVG's

Muktangan English School & Jr. College, Pune - 9

Unit Test II (2024-25)

Standard - IX

Subject - Hindi (Entire)	**Marks - 20**
Date - 30.01.2025	**Time : 8.15 am to 9.30 am**

सूचना : शुद्ध भाषा एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है ।

सूचनाएँ:

१) सूचनाओं के अनुसार गद्य, पद्य तथा भाषा अध्ययन (व्याकरण) की आकलन कृतियों में आवश्यकता के अनुसार आकृतियों में ही उत्तर लिखना अपेक्षित है ।

२) सभी आकृतियों के लिए पेन का ही प्रयोग करें ।

३) रचना विभाग तथा व्याकरण विभाग में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए आकृतियों की आवश्यकता नहीं है ।

४) शुद्ध, स्पष्ट भाषा एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है ।

विभाग १ - गद्य

कृति १ अ) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए ।

परम पूज्य बापूजी,

एक साल पहले अस्वास्थ्य के कारण आश्रम से बाहर गया था । यह तय हुआ था कि दोन-तीन मास वाई रहकर आश्रम लौट जाऊँगा । पर एक साल बीत गया, फिर भी मेरा कोई ठिकाना नहीं । पर मुझे कबूल करना चाहिए कि इस बारे में सारा दोष मेरा ही है । वैसे मामा (फड़के) को मैंने एक-दो पत्र लिखे थे । आश्रम ने मेरे हृदय में खास स्थान प्राप्त कर लिया है, इतना ही नहीं, अपितु मेरा जन्म ही आश्रम के लिए है, ऐसी मेरी श्रद्धा बन गई है । तो फिर प्रश्न उठता है कि मैं एक वर्ष बाहर क्यों रहा ?

जब मैं दस वर्ष का था तभी मैंने ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करते हुए देशसेवा करने का व्रत लिया था । उसके बाद मैं हाईस्कूल में दाखिल हुआ । उस समय मुझे भागवत गीता के अध्ययन का शौका लगा । पर मेरे पिता जी ने दूसरी भाषा के तौर पर फ्रेंच लेने की आज्ञा दी। तो भी गीता पर का मेरा प्रेम कम नहीं हुआ था और तभी से मैंने घर पर ही खुद-ब-खुद संस्कृत का अभ्यास शुरू कर दिया था । मैं आपकी आज्ञा लेकर आश्रम में दाखिल हुआ पर उसी समय वेदांत का अभ्यास करने का अच्छा मौका हाथ लगा । वाई में नारायण शास्त्री मराठे नामक एक आजन्म ब्रह्मचारी विद्वान विद्यार्थियों को वेदांत तथा दूसरे शास्त्र सिखाने का काम करते हैं । उनके पास उपनिषदों का अध्ययन करने का लोभ मुझे हुआ । इस लोभ के कारण वाई में मैं ज्यादा समय रह गया । इतने समय से मैंने क्या-क्या किया, यह लिखता हूँ।

१) आकृति पूर्ण कीजिए **(१)**

लेखक ने हाईस्कूल में दाखिल होने के बाद यह भाषाएँ सीखी

↓ ______ ↓ ______

2) परिच्छेद में आए दो प्रत्ययुक्त शब्द ढूँढकर लिखिए। **(१)**

१) [ ]

२) [ ]

3) निम्नलिखित विरामचिह्नों के नाम लिखिए। **(१)**

चिह्न	नाम
१) ,	
२) ।	

४) स्वमत। **(२)**

उपर्युक्त परिच्छेद से मिलनेवाली सीख अपने शब्दों में ६-८ पंक्तियों में लिखिए

विभाग २ - पद्‌य

कृति २ आ) निम्नलिखित पठित पद्‌यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए।

सतत प्रवाहमान !
जीवन की पहचान !
मैं एक गीली हलचल हूँ,
मेरे स्वर में कल-कल है
मैं जल हूँ !
सिंधु यानी
धरती पर सभ्यताओं का
आदि बिंदु।
मेरे ही किनारे पर
संस्कृतियों ने साँस ली
मेरे ही तटों पर
इंसानियत के यज्ञ हुए
गति कभी मंद ना हुई मेरी
गति में चंचल
पर भावना में अचल हूँ।

मैं सिंधु नदी का
पावन जल हूँ।
मैं नहाने वाले से
नही पूछता उसकी जात,
उनका मजहब,
उनका धर्म,
मैं तो बस जानता हूँ
जीवन का मर्म।
वो लहरें
जो सहसा उछलती हैं,
सदा जिंदगी की ओर मचलती हैं।
प्यास बुझाने से पहले
मैं नहीं पूछता
दोस्त है या दुश्मन।

१) **कृति पूर्ण कीजिए।** (१)



२) **निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए।** (१)

i) दुश्मन =

ii) इंसानियत =

३) **निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।** (१)

i) जीवन **X**

ii) धरती **X**

४) **स्वमत -** (२)

सतत प्रवाहमान! ----------------------- ------- गति में चंचल पर भावना में अचल हूँ।

इन पंक्तियों का सरल अर्थ अपने शब्दों में ६-८ पंक्तियों में लिखिए।

विभाग ३ - व्याकरण

कृति ३ सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए।

१) निम्नलिखित अव्यय शब्द का वाक्य में प्रयोग कीजिए (१)

i) के लिए

२) अधोरेखांकित शब्द का शब्दभेद (सव्यय) पहचानकर लिखिए। (१)

i) पिताजी दिल्ली गए है।

३) निम्नलिखित वाक्य में काल पहचानकर उसका भेद लिखिए। (१)

i) कल हमारा रेफ्रीजरेटर आ रहा है।

४) निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए । **(१)**

i) घोडे बेचकर सोना –

५) कृति पूर्ण कीजिए । **(१)**

अ.क्र.	संधि शब्द	संधि विच्छेद	भेद
१)	हिमालय	________	________

विभाग ४ - उपयोजित लेखन

कृति ४ निम्नलिखित मुद्दों के आधारपर ८० से १०० शब्दों में रोचक कहानी लिखकर उसे उचित शीर्षक दीजिए तथा सीख भी लिखिए । **(५)**

एक विद्यार्थी ----------- परीक्षा में असफल रहना ----------- उसका निराश होना ---------- जंगल में चले जाना ----------- एक मकड़ी को पेड़ पर चढ़ने का प्रयास करते देखना ----------- उसका बार-बार गिरना ----------- आखिर मकड़ी का पेड़ पर चढ़ना ----------- विद्यार्थी का देखना ----------- सफलता का मार्ग मिलना ----------- घर वापस आना ----------- ध्यान से, मन लगाकर पढ़ना ----------- परीक्षा में सफल होना ----------- सीख ।

■ ■ ■